डिजिटल व्यवस्था पर तीन दिवसीय परिचर्चा छह से

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

सेंटर फॉर डिजिटल इकोनॉमी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर, एसोसिएशन ऑफ इंडिया फॉर इंफॉर्मेशन सिस्टम की संबद्धता में डिजिटल इकोनॉमी पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 6 से 8 दिसंबर तक होटल सयाजी रायपुर में आयोजित होगा। इसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटलीकरण से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 12 ट्रैक्स में 5 इनवाइटेड टॉक्स, एनालिटिक्स पर 4 वर्कशॉप और 4 पैरेलल पेपर प्रेजेंटेशन सेशन होंगे।

67 पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे

आयोजन में 12 ट्रैक्स में कुल 67 पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। स्मार्ट गवर्नेंस, इंडस्ट्री 4.0 और एंटरप्राइज आर्किटेक्चर, डिजिटलकरण का सामाजिक प्रभाव, मार्केटिंग इन डिजिटल इकोनॉमी, ब्लॉकचेन और डेटा प्राइवेसी, कैशलेस और डिजिटल इकोनॉमी, सोशल मीडिया और इसके प्रभाव, डिजिटल पेमेंट, वित्तीय साक्षरता ई-शिक्षा और ई-लर्निंग और उद्यमिता, ई-कॉमर्स और एम-कॉमर्स जैसे विषयों पर चर्चा तथा विशेषज्ञ पेपर प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन की सह-अध्यक्षता प्रो. भारत भास्कर निदेशक, आइआइएम रायपुर और प्रो. सुमीत गुप्ता (आइटी एंड सिस्टम आइआइएम रायपुर) कर रहे हैं।

Naidunia, 5th Dec. 2019,p.8.jpg